भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4069**

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

**नये आरओबी और अंडरपास का निर्माण**

4069. श्री वामसि कृष्णा गद्दाम:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत दस वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर निर्मित यात्री अंडरपास और ओवरब्रिजों की संख्या का तेलंगाना सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले दस वर्षों के दौरान यात्री अंडरपास और ओवरब्रिजों के निर्माण के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा उपयोग की गई धनराशि का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का प्रस्ताव यातायात की भीड़ को कम करने के लिए मंचेरियल में लक्ष्मी टॉकीज को राजीव नगर से जोड़ने वाले एक नए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण का प्रस्ताव है और यदि हां, तो प्रस्तावित समय-सीमा और बजट आवंटन सहित इसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार कनेक्टिविटी में सुधार और यात्रा के समय को कम करने के लिए हाई-टेक सिटी से मंचेरियल में राजीव नगर तक एक अंडरपास मार्ग विकसित करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो पूरा होने की अपेक्षित तिथि और बजट आवंटन सहित इसका ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) विगत दस वर्षों के दौरान तेलंगाना सहित राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर निर्मित फ्लाईओवर और सड़क उपरि पुलों, अर्थात रेलवे ट्रैक के उपर निर्मित पुल समेत वाहन/पैदल यात्रियों के लिए अंडरपास की संख्या अनुबंध में संलग्न है। वाहन/पैदल यात्रियों के लिए अंडरपास और सड़क उपरि पुल आम तौर पर राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना के हिस्से के रूप में बनाए जाते हैं जिसमें सुधार और उन्नयन शामिल होता है। इसलिए, वाहन/पैदल यात्रियों के लिए अंडरपास और सड़क उपरि पुल के निर्माण के लिए उपयोग की जाने वाली निधि का अलग से रखरखाव नहीं किया जाता है।

(ग) और (घ) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। मंचेरियल में लक्ष्मी टॉकीज से राजीव नगर और हाई-टेक सिटी से राजीव नगर तक के स्थान/खंड एनएच का हिस्सा नहीं हैं।

**अनुबंध**

**'नये आरओबी और अंडरपास का निर्माण'** के संबंध में श्री वामसि कृष्णा गद्दाम द्वारा दिनांक 19/12/2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4069 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

---

| **राज्य** | **फ्लाईओवर सहित वाहन/पैदल यात्रियों के लिए अंडरपास की संख्या** | **सड़क उपरि पुल (आरओबी) की संख्या** |
|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 447 | 30 |
| अरुणाचल प्रदेश | 1 | 0 |
| असम | 52 | 23 |
| बिहार | 397 | 49 |
| छत्तीसगढ | 120 | 12 |
| दिल्ली | 1166 | 38 |
| गोवा | 36 | 2 |
| गुजरात | 875 | 84 |
| हरियाणा | 469 | 25 |
| हिमाचल प्रदेश | 24 | 5 |
| जम्मू और कश्मीर | 116 | 1 |
| झारखंड | 100 | 8 |
| कर्नाटक | 620 | 35 |

| राज्य | फ्लाईओवर सहित वाहन/पैदल यात्रियों के लिए अंडरपास की संख्या | सड़क उपरि पुल (आरओबी) की संख्या |
|---|---|---|
| केरल | 84 | 12 |
| मध्य प्रदेश | 671 | 38 |
| महाराष्ट्र | 1016 | 49 |
| मणिपुर | 1 | 0 |
| नागालैंड | 1 | 0 |
| ओडिशा | 300 | 16 |
| पुदुचेरी | 9 | 0 |
| पंजाब | 573 | 16 |
| राजस्थान | 1099 | 53 |
| तमिलनाडु | 420 | 28 |
| तेलंगाना | 230 | 8 |
| त्रिपुरा | 3 | 0 |
| उत्तर प्रदेश | 667 | 68 |
| उत्तराखंड | 53 | 10 |
| पश्चिम बंगाल | 192 | 35 |

*****